कपास का उत्पादन

1664. **श्री अजीत जोगी**: क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1992–93 के दौरान कपास की कितनी फसल होने का अनुमान है;

(ख) क्या हाल ही में घोषित कपास आयात और निर्यात नीति से बिना पिनाई के कपास का मूल्य प्रभावित हुआ है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इससे कपास उत्पादकों के प्रभावित होने की संभावना है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) केन्द्रीय और दक्षिणी क्षेत्रों के कई राज्यों में 1992–93 के लिए कपास की फसल की बुवाई अभी भी चल रही है। चालू वर्ष के लिए कपास-उत्पादन का अभी तक कोई आकलन नहीं किया गया है। तथापि, 1992–93 के लिए कपास उत्पादन का लक्ष्य 170–170 किलोग्राम की 120 लाख गांठें निर्धारित किया गया है।

(ख) कपड़ा मंत्रालय ने हाल ही में कपास के निर्यात और आयात से संबंधित किसी भी नीति की घोषणा नहीं की है।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठते।

Rainfall in the country

1665. SHRI CHIMANBHAI MEHTA:

SHRI ANANTRAY DEV-SHANKER DAVE:

SHRIMATI MIRA DAS:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) what is the zone-wise average rainfall in the country and what is the shortfall;

(b) whether Government would assess the loss of crop due to late rains or short-fall in rains; and

(c) what are the plans of Government to cover the deficits of various crops?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN): (a) As per information received from India Meterolagical Department, 11 out of 35 meteorological sub-divisions had received excessjnormal rainfall during the period 1st June to 15th July, 1992. Remaining 24 meteorological sub-divi sion:, had received deficient scanty rain-fall.

(b) Sowings of khariff crops including transplantation of paddy is in progress in most of the States. The likely production of khariff crops during 1992-93 will depend upon the behaviour of monsoon in the coming weeks. At this stage, it is too early to estimate the likely production of khariff crops.

(c) The Central Government has cir-culated to the State Government the guide lines for preparation of crop contingency plan to face the situation arising out of delayed on-set of monsoon, inter-spell of dry period and early withdrawal of monsoon.

स्टेट फार्म्स कारपोरेशन आफ इंडिया

1666. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय**: क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस समय स्टेट फार्म्स कार-पोरेशन आफ इंडिया के प्रबंध निदेशक के पद पर कौन व्यक्ति पदासीन है;

(ख) क्या यह सच है कि उसका काय-काल पूरा हो चुका है और यदि हां तो यह किस तारीख को पूरा हुआ था; और